# आकाशवाणी गोरखपुर
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक–18 अप्रैल 2024 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिये प्रचार अभियान थमा। इस चरण में राज्य की आठ लोकसभा सीटों के लिये उन्नीस अप्रैल को होगा मतदान।
- कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने सहारनपुर में किया रोड–शो। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने नजीबाबाद में जनसभा कर प्रत्याशी के पक्ष में की वोट देने की अपील।
- आज जारी होगी लोकसभा चुनाव के चौथे चरण की अधिसूचना।: प्रदेश की तेरह सीटों के लिये पच्चीस अप्रैल तक भरे जा सकेंगे नामांकन पत्र।
- प्रदेशभर में श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाई गयी रामनवमी। अयोध्या में रामजन्मोत्सव का रहा विशेष उल्लास।

**********

लोकसभा चुनाव के पहले चरण का प्रचार कल शाम पांच बजे थम गया। इस चरण में राज्य की आठ लोकसभा सीटों–सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना, मुरादाबाद, रामपुर और पीलीभीत के लिये कल मतदान होगा। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि किसी भी निर्वाचन क्षेत्र में मतदान के लिये निर्धारित समयावधि के खत्म होने से पहले के 48 घंटे की अवधि में किसी भी राजनीतिक दल, प्रत्याशी और प्रतिनिधियों द्वारा चुनाव प्रचार संबंधी गतिविधियां प्रतिबंधित रहेंगी। इसके अलावा राजनीतिक दलों के स्टार प्रचारकों और बाहरी कार्यकर्ताओं की मौजूदगी पर भी पाबंदी रहेगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने यह भी बताया कि निर्वाचन आयोग ने पोलिंग के दिन मतदान केन्द्रों के अन्दर मोबाइल फोन और वॉयरलेस सेट ले जाने पर रोक लगा दी गई है।

पहले चरण की इन सभी आठ संसदीय सीटों के लिये 80 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। इन आठ लोकसभा क्षेत्रों में एक करोड़ 43 लाख़ मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे। इनमें 76 लाख 23 हजार पुरूष और 67 लाख 14 हजार महिला और 824 थर्ड जेंडर के मतदाता है। इस चरण में होने वाले मतदान के लिये कुल सात हजार से अधिक मतदान केन्द्र और 14 हजार 842 पोलिंग बूथ बनाए गए हैं।

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के पहले चरण में जिन आठ सीटों पर वोट डाले जायेंगे, उनमें सहारनपुर की महत्वपूर्ण सीट भी शामिल है। हमारे प्रतिनिधि की रिपोर्ट.....

***सहारनपुर लोकसभा सीट के अंतर्गत पांच विधानसभा क्षेत्र आते हैं। इसमें बेहट, सहारनपुर नगर, सहारनपुर देहात, देवबंद और रामपुर मनिहारान शामिल हैं। इस सीट पर कुल मतदाताओं की संख्या लगभग साढ़े 18 लाख है। इनमें 9 लाख 74 हजार 733 पुरुष मतदाता, 8 लाख 69 हजार 583 महिला मतदाता और 94 ट्रांसजेंडर मतदाता शामिल हैं। इस सीट पर भाजपा से राघव लखनपाल शर्मा, इंडिया गठबंधन से इमरान मसूद और बसपा से माजिद अली मैदान में हैं। राघव लखनपाल शर्मा और इमरान मसूद लगातार तीसरी बार आमने–सामने हैं। विजयंत सैनी आकाशवाणी समाचार सहारनपुर ।***

**********

राज्य में लोकसभा चुनाव के पहले चरण को लेकर प्रचार अभियान थमने के पहले सभी राजनीतिक पार्टियों के वरिष्ठ नेता और स्टार प्रचारकों ने कल अपने–अपने प्रत्याशियों के पक्ष में जनसभाएं और रोड–शो किया।

कांग्रेस नेता और महासचिव प्रियंका गांधी ने सहारनपुर में पार्टी प्रत्याशी इमरान मसूद के पक्ष में रोड–शो किया। वहीं समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने नजीबाबाद में नगीना लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के उम्मीदवार के पक्ष में आयोजित जनसभा में वोट देने की अपील की। जनसभा में आम आदमी पार्टी के नेता और राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने भी सपा प्रत्याशी को जिताने का आह्वान किया। इस क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के टिकट पर मनोज कुमार चुनाव लड़ रहे है।

राष्ट्रीय लोकदल के प्रमुख चौधरी जयंत सिंह ने पहले चरण के चुनाव प्रचार के आखिरी दिन मुजफ्फरनगर और शामली जिले में प्रचार किया। साथ ही उन्होंने बिजनौर से पार्टी प्रत्याशी चंदन चौहान के पक्ष में मवाना में चुनावी जनसभा की।

**********

कांग्रेस नेता राहुल गांधी और समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने कल गाजियाबाद में संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष श्री गांधी ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि यह विचारधारा का चुनाव है। इंडिया गठबंधन संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिये प्रतिबद्ध है।

संसदीय चुनाव में बेरोज़गारी, महंगाई और भागीदारी गठबंधन के प्रमुख मुद्दों में शामिल हैं। उन्होंने लोकसभा चुनाव के बाद इंडिया गठबंधन की सरकार बनने का दावा किया और कहा कि गठबंधन सरकार की प्राथमिकता गरीब महिलाओं को एक लाख रुपये और बेरोजगारों को ज्यादा से ज्यादा रोजगार के अवसर प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि किसानों को फायदा पहुंचाने के लिये एमएसपी लागू की जायेगी और पेपर लीक की समस्या को खत्म करने के लिये कानून बनाया जायेगा। श्री गांधी ने आरोप लगाया कि

भाजपा, लोगों के लिए प्रासंगिक मुद्दों पर कभी बात नहीं करती। उन्होंने कहा कि जातिगत जनगणना समाज के विकास के लिए जरूरी है।

वहीं सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि यह चुनाव देश की राजनीति को नई दिशा देगा। उन्होंने आरोप लगाया कि केन्द्र और राज्य में भाजपा सरकार वायदे पूरे करने में असफल रही है। श्री यादव ने लोगों से वोटों का बिखराव न होने का आह्वान किया।

**********

प्रदेशभर में रामनवमी का पर्व कल श्रद्धाभाव और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। रामनगरी अयोध्या में राम जन्मोत्सव का विशेष उल्लास रहा। इस अवसर पर कल दोपहर बारह बजकर सोलह मिनट पर अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में विराजमान भगवान रामलला की प्रतिमा के मस्तक पर सूर्य तिलक जगमगा उठा। श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या में यह पहली रामनवमी है। और विवरण हमारे प्रतिनिधि से..........

***संपूर्ण विश्व के सनातन धर्मी अयोध्या में नवनिर्मित दिव्य और भव्य राम मंदिर में प्राकट्य होते ही रामलला के ललाट पर भगवान दिवाकर के किरणों से रचे तिलक के ऐतिहासिक, अद्‌भुत और अनूठे दृश्य के साक्षी बने, जिसे देश के पारंगत वैज्ञानिकों ने चार वर्ष के अभ्यास और अनुसंधान से साकार किया। श्री राम संकीर्तन और वेद मंत्रोच्चारण के बीच अपने आराध्य को धरा पर अवतरित होते देख भक्त भाव विभोर होकर जयकारे लगाने लगे। भगवान राम लला को 56 प्रकार के भोग लगाकर प्रसाद सुरक्षा बलों और निर्माण कर्मियों सहित परिसर में उपस्थित 7000 सेवकों और श्रद्धालुओं में वितरित किया गया। तन्मय सोनी आकाशवाणी समाचार अयोध्या।***

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल राम लला के सूर्य तिलक को डिजिटल माध्यम से देखा। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि मुझे अयोध्या में रामलला के सूर्य तिलक के अद्‌भुत और अप्रतिम क्षण को देखने का सौभाग्य मिला है। ये बहुप्रतीक्षित क्षण हर किसी के लिए परमानंद का क्षण है। श्रीरामलला का सूर्य तिलक, विकसित भारत के हर संकल्प को अपनी दिव्य ऊर्जा से इसी तरह प्रकाशित करेगा।

**********

उधर, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने ट्वीट संदेश में कहा कि श्रीरामलला के ललाट पर सुशोभित सूर्य तिलक पूरे राष्ट्र सनातन गौरव से अलौकित कर रहा है। उन्होंने गोरखनाथ मंदिर में रामनवमी मनाई और कन्या पूजन किया।

बलरामपुर के प्रमुख मंदिरों में रामनवमी धूमधाम से मनाई गई। वहीं देवीपाटन शक्तिपीठ में नवरात्र की नवमी तिथि होने के उपलक्ष्य में कन्यापूजन और हवन कार्यक्रम भी हुए। राजधानी लखनऊ, अमरोहा, हापुड़, कन्नौज, हमीरपुर, पीलीभीत सहित विभिन्न जिलों में रामनवमी की धूम रही।

**********

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण की अधिसूचना आज जारी की जाएगी। इस चरण में उत्तर प्रदेश सहित नौ राज्यों और एक केन्द्र शासित प्रदेश में 96 लोकसभा सीटों पर चुनाव कराया जाएगा।

चौथे चरण में प्रदेश की 13 सीटों–शाहजहांपुर, खीरी, धौरहरा, सीतापुर, हरदोई, मिश्रिख, उन्नाव, फर्रूखाबाद, इटावा, कन्नौज, कानपुर, अकबरपुर और बहराइच के लिये मतदान आगामी 13 मई को होगा।

चौथे चरण के तहत आने वाली सभी 13 संसदीय सीटों के लिये नामांकन पत्र 25 अप्रैल तक दाख़िल किये जा सकेंगे।

**********

कानपुर नगर के चकेरी क्षेत्र में कल तेज रफ्तार अनियंत्रित पिकअप पलट जाने से तीन लोगो की मौत हो गई और आधा दर्जन से ज्यादा लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार फतेहपुर से कानपुर के बारादेवी मंदिर दर्शन के लिए श्रद्धालु, पिकअप से जा रहे थे। हादसे की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस मामले को दर्ज कर जांच कर रही है।

**********